दिन– बुधवार	दिनांक– 26 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वास्थ्य सेवाओं के विकेंद्रीकरण और इलाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा रोबोटिक्स के इस्तेमाल पर बल दिया।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दक्षिण बिहार में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के लिए तीस हजार करोड़ रूपये की मंजूरी दी।

03. सीबीएसई ने वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस से दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दो बार कराने की योजना पर नौ मार्च तक आम लोगों से विचार आमंत्रित किये।

04. और, महाशिवरात्रि का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। अमृत स्नान के साथ आज ही संपन्न हो रहा है प्रयागराज महाकुंभ।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के विकेंद्रीकरण और अधिक से अधिक शोध पर बल दिया है। राष्ट्रपति पटना के बापू सभागार में पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल–पी.एम.सी.एच. के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रही थीं। श्रीमती मुर्मु ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से इलाज में क्षमता और सटीकता बढ़ेगी।

———बाइट———

राष्ट्रपति ने राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सभी वर्गों के लोगों की सबसे बड़ी जरूरत है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में पहले केवल छह मेडिकल कॉलेज अस्पताल थे। अब सरकार के प्रयास से प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज अस्पताल खोले जा रहे हैं।

---बाइट---

---

राज्य मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दक्षिण बिहार में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के लिए तीस हजार करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि मुख्यमंत्री ने दक्षिण बिहार के जिलों के लिए दो सौ तैंतालीस घोषणाएं की थी। इनमें से एक सौ तेईस योजनाओं पर संबंधित विभाग ने और एक सौ बीस योजनाओं को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। इससे पूर्व कैबिनेट ने उत्तर बिहार के लिए बीस हजार करोड़ रूपये की योजनाओं को मंजूरी प्रदान की थी।

---बाइट---

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनुमंडल, जिला और राज्य मुख्यालय स्तर पर एक सौ चालीस संरक्षण पदाधिकारियों के पद सृजन को मंजूरी दी है। ये अधिकारी महिलाओं से जुड़े घरेलू हिंसा के मामलों को देखेंगे और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेंगे। राज्य मंत्रिमंडल ने एक अन्य फैसले में औरंगाबाद के जमहोर और पूर्वी चंपारण के मधुबन को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने स्टेट डाटा सेंटर-टू प्वाईंट ओ के लिए एक सौ उनसठ करोड़ रूपये की मंजूरी प्रदान की। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने चालीस बेड वाले निजी अस्पताल को क्लीनिकल स्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत निबंधन में छूट प्रदान करने का फैसला किया।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई, वर्ष दो हजार पच्चीस-छब्बीस से दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दो बार कराने की योजना बना रहा है। बोर्ड ने इसके लिए तैयार किए गए मसौदे पर नौ मार्च तक विचार आमंत्रित किए हैं। मसौदे में, पहली परीक्षा फरवरी से मार्च तक और दूसरी परीक्षा मई में कराने का प्रस्ताव है। सीबीएसई ने कहा है कि दो में से एक परीक्षा मुख्य परीक्षा होगी और सुधार की जरुरत महसूस करने पर विद्यार्थी दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

---

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने पिछले पिछले वर्ष दिसंबर में सोलह लाख से ज्यादा नए सदस्य जोड़े हैं। श्रम और रोज़गार मंत्रालय के अनुसार, इनमें से अठारह से पच्चीस आयु वर्ग के सदस्यों की संख्या चार लाख पचासी हजार है।

---

महाशिवरात्रि का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि, फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है।

———म्यूजिक————

महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों और मंदिरों में अहले सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव की पूजा–अर्चना के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर, सोनपुर के हरिहरनाथ, सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, रोहतास के गुप्ताधाम और मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान मंदिरों में इस अवसर पर विशेष पूजा–अर्चना और जलाभिषेक किया जा रहा है। कई स्थानों पर शिव–पार्वती विवाह समारोह का भी आयोजन हो रहा है। महाशिवरात्रि के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———म्यूजिक————

---

और, अब खबरे महाकुंभ से...

———म्यूजिक———

प्रयागराज में चल रहा महाकुम्भ आज महाशिवरात्रि को सम्पन्न हो रहा है। इस अवसर पर देशभर से आए श्रद्धालु आज तड़के से ही संगम और अन्य घाटों पर स्नान कर रहे हैं। तेरह जनवरी से शुरू हुए महाकुम्भ में अब तक चौंसठ करोड़ साठ लाख से अधिक तीर्थयात्री आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। महाशिवरात्रि पर्व का कुम्भ के संदर्भ में महत्व और अधिक बढ़ गया है। महाकुम्भ के आज अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। रेलवे स्टेशनों और प्रयागराज जाने वाली सड़कों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मेला क्षेत्र में वाहनों को आने–जाने की अनुमति नहीं है।

———म्यूजिक———

---

महाशिवरात्रि के अवसर पर आज महाकुंभ के लिए तीन सौ पचास से अधिक रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि महाशिवरात्रि के स्नान के बाद अतिरिक्ति रेलगाड़ियां चलाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

प्रयागराज में अतिरिक्त बोगियां तैयार हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार रेलवे के परिचालन पर खुद नजर रख रहे हैं।

---

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं में तेरह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीस अन्य घायल हो गए। मृतकों में बेगूसराय और सीतामढ़ी के तीन–तीन, सुपौल और सारण के दो–दो तथा कैमूर, दरभंगा और औरंगाबाद के एक–एक व्यक्ति शामिल हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जनपद में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर हुए सड़क हादसे में पूर्वी चंपारण जिले के तीन लोगों की मौत हो गयी।

---

दरभंगा की एक अदालत ने एक किशोर की हत्या के मामले में चार दोषियों राम विनय यादव, घूरन यादव, विपिन यादव और विजय यादव को आजीवन कारावास और पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, मुजफ्फरपुर की एक अदालत ने हत्या के मामले में दोषी बादल सहनी को उम्र कैद और दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इधर, जिले की एनडीपीएस अदालत ने चरस और गांजा की तस्करी के मामले में सात तस्करों को पंद्रह–पंद्रह वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

---

सीबीआई ने मुजफ्फरपुर में डाक विभाग के केंद्रीय अनुमंडल में कार्यरत मेल ओवरसियर शिव शंकर पंडित को दस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

---

बेगूसराय जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटी एघु में अपराधियों ने एक आभूषण व्यवसायी को गोली मारकर पचास हजार रूपये लूट लिए।

---

सहरसा जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र के कांप गांव में बिजली के शॉट सर्किट से लगी आग में झुलसकर एक किशोरी की मौत हो गयी।

---

नई दिल्ली में आयोजित यूआईबीएफएफ के मिस्टर एंड मिस एशिया प्रतियोगिता के बॉडीबिल्डिंग स्पर्धा में पटना के निशित राज ने रजत पदक जीता है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पटना आगमन से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – पीएमसीएच के शताब्दी समारोह को राष्ट्रपति ने संबोधित किया। कहा– बिहार में पीएमसीएच जैसे और बड़े संस्थानों की आवश्यकता।

**दैनिक जागरण** ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है– अच्छे चिकित्सा संस्थानों का हो विकेंद्रीकरण। राष्ट्रपति ने कहा– उपचार को सरल बनाने के लिए अपनाएं एआई और रोबोटिक्स तकनीक।

**प्रभात खबर** लिखता है – प्रगति यात्रा में दक्षिण बिहार को लेकर हुई घोषणाओं के लिए तीस हजार करोड़ रुपए मंजूर।

**दैनिक भास्कर** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – बक्सर से भागलपुर तक तैंतीस जगह पर सिर्फ डोरीगंज में गंगाजल नहाने लायक।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – राजद नेता सुनील कुमार सिंह का विधान परिषद से निष्कासन रद्द। **आज** अखबार लिखता है – सीबीएसई दसवीं की बोर्ड परीक्षा अब साल में दो बार होगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वास्थ्य सेवाओं के विकेंद्रीकरण और इलाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा रोबोटिक्स के इस्तेमाल पर बल दिया।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दक्षिण बिहार में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के लिए तीस हजार करोड़ रूपये की मंजूरी दी।

03. सीबीएसई ने वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस से दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दो बार कराने की योजना पर नौ मार्च तक आम लोगों से विचार आमंत्रित किये।

04. और, महाशिवरात्रि का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। अमृत स्नान के साथ आज ही संपन्न हो रहा है प्रयागराज महाकुंभ।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।